| Booklet Series | Booklet Code | Paper Code | No. of Printed Pages : 16 |
|---|---|---|---|
| A | CSRE-22/III/UGHI | 03 | Serial Number of the Test Booklet 303437 |

Name of the Examination :
**CSRE 2022**

Roll No. : ____________________

Name of the Candidate : ____________________

*Test Duration : 3 Hours* *Total Questions : 100* *Total Maximum Marks : 200*

# INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. Candidates will be admitted to the Examination Hall/Room on production of their Admit Card and Original **ID** such as **EPIC/Aadhaar/Driving License** with a view to establish the true identity of the candidate.
2. Candidates shall reach the venue of examination at least 30 minutes in advance and admission will be refused to a candidate who is late by 10 minutes from the start of the examination.
3. No candidate shall be permitted to leave the Examination Hall/Room until the time for the examination is over or until permitted to do so but not until the half of the allotted time.
4. Candidates must use a **BLUE/BLACK** ball point pen ONLY to make entries on the OMR Answer Sheet.
5. The candidates should not bring any articles (other than those specified above) such as books, notes, loose sheets, mobile phones, pagers, digital diaries, calculators, smart watches, etc. inside the Examination Hall/Room. Any candidate found in possession of the said articles will be liable to be de-barred from applying all future examinations to be conducted by the Board.
6. After receiving the Test Booklet with OMR inserted, the candidates may pull out the OMR Answer Sheet and fill in the necessary details. However the candidates are not allowed to break open the seal of the Test Booklet until the invigilator informs them to do so.
7. Mark carefully your Roll Number, Paper Code, Booklet Code and Booklet Series on the OMR Answer Sheet and signature at the appropriate place. Write your Roll Number and **Name on the Question Booklet**. In the absence of the Roll Number, Question Booklet Number and Question Booklet Series on the OMR Answer Sheet, it may NOT be evaluated and it may be cancelled.
8. The entire Test is of Objective Type Questions comprising 100 questions.
9. Candidates must check that the Question Booklet contains 100 multiple choice questions. If any discrepancy found, report to the invigilator immediately.
10. Candidates will also keep in mind that there is negative marking for (-0.33%) every wrong answer i.e 0.66 marks.
11. Rough work may be done on the space provided in this Question Booklet, but not on the OMR Answer Sheet.
12. In the event of a mistake made in marking the Roll Number in the OMR Answer Sheet or the OMR Series the candidates will not be given a new OMR Answer Sheet but he/she will be allowed to use whitener or correcting fluid for correction of the Roll Number and the Booklet Series only.
13. **Change of answer will not be permitted in the OMR Answer Sheet. Using of correcting fluid (of any sort) will be treated as wrong attracting negative marking.**
14. The candidates must abide by such instructions as may be specified on the cover of the Answer Paper or instructions to candidates given at the back of the Admit Card. If a candidate fails to do so or indulges in improper conduct, he/she will render himself/herself liable to expulsion from the examination or such other punishment as the Board deemed fit to impose.
15. At the end of the Test, candidates must submit the OMR Answer Sheet to the invigilator on duty. Candidates shall be allowed to take their Question Booklet only after the end of the examination session.
16. Any candidate found to be intoxicated with alcohol and/or psychotropic substances will be expelled from the Examination Hall/Room.
17. Examination centre once opted cannot be changed.

PLEASE REFER THE BACKSIDE OF THE QUESTION BOOKLET FOR MORE INSTRUCTIONS.

SEAL

1. __________ कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक भावों एवं तथ्यों को प्रस्तुत करने की कला है।

(A) संक्षेपण (B) निबंध
(C) कहानी (D) उपन्यास

2. भाषा का मूल रूप __________ है।

(A) लिखित भाषा (B) मौखिक भाषा
(C) सांकेतिक भाषा (D) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नलिखित में से किस वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है?

(A) आज कोई बहाना नहीं चलेगा।
(B) वह घर नहीं गया।
(C) तुम रोना बंद करो।
(D) मुझे माँ की बात मान लेनी चाहिए थी।

4. "आप मेरा यह काम कर देंगी या किसी अन्य को कहूँ।" — वाक्य में समानाधिकरण समुच्चयबोधक का कौन सा प्रकार है?

(A) संयोजक (B) विकल्पसूचक
(C) विरोधसूचक (D) परिणामसूचक

5. निम्नलिखित में से कौन सी गद्य की विधा(एँ) है/हैं?

(A) निबंध (B) नाटक
(C) उपन्यास (D) उपरोक्त सभी

6. कौन सा विकल्प विकारी कृत्-प्रत्यय का भेद **नहीं** है?

(A) क्रियार्थक संज्ञा (B) कर्तृवाचक संज्ञा
(C) वर्तमानकालिक संज्ञा (D) भविष्यकालिक संज्ञा

7. 'हिंदी दिवस' निम्नलिखित में से किस तारीख को मनाया जाता है?

(A) 14 सितंबर (B) 2 सितंबर
(C) 5 सितंबर (D) 10 सितंबर

8. 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?

(A) उत्तम पुरुष (B) मध्यम पुरुष
(C) अन्य पुरुष (D) इनमें से कोई नहीं

9. 'बुढ़ापा दुखों का घर है।' इस वाक्य में 'बुढ़ापा' शब्द निम्नलिखित में से क्या है?

(A) भाववाचक संज्ञा (B) द्रव्यवाचक संज्ञा
(C) व्यक्तिवाचक संज्ञा (D) समुदायवाचक संज्ञा

10. कौन सा वर्ण दंत्य **नहीं** है?

(A) त (B) थ
(C) म (D) न

11. __________ स्वयं के विचारों को दूसरों तक पहुँचाने का माध्यम है।

(A) वाक्य (B) लिखावट
(C) भाषा (D) व्याकरण

12. निम्नलिखित में से किस बोली को 'कौरवी' के नाम से भी जाना जाता है?

(A) भोजपुरी (B) ब्रज
(C) मारवाड़ी (D) खड़ी बोली

13. वर्ण के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

(A) ये भाषा की सबसे छोटी इकाई हैं।
(B) ये ध्वनि का लिखित रूप हैं।
(C) इनके मेल से शब्द बनते हैं।
(D) इनके और खंड किए जा सकते हैं।

14. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द जातिवाचक संज्ञा **नहीं** है?

(A) मोर (B) मशीन
(C) किसान (D) लालकिला

15. 'मज़दूर **दिनभर** मेहनत करता है।' इस वाक्य में 'दिनभर' में कौन सा क्रियाविशेषण है?

(A) रीतिवाचक (B) स्थानवाचक

(C) परिमाणवाचक (D) कालवाचक

16. 'निर्विवाद' किस समास का उदाहरण है?

(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु समास

(C) कर्मधारय (D) इनमें से कोई नहीं

17. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा वाक्य **अपूर्ण वर्तमान काल** का उदाहरण है?

(A) रागिनी गीत गा रही है।

(B) राघव ने सेब खाया है।

(C) वह हँसता है।

(D) गुंजन कविता लिखती है।

18. निम्नलिखित में से कौन सा व्यधिकरण समुच्चयबोधक का प्रकार **नहीं** है?

(A) उद्देश्यबोधक (B) संकेतबोधक

(C) हेतुहेतुमदबोधक (D) स्वरूपबोधक

19. 'ज्ञान के बिना मुक्ति संभव नहीं है।' — वाक्य में कौन सा शब्द संबंधबोधक अव्यय है?

(A) के (B) नहीं

(C) बिना (D) संभव

20. निम्नलिखित में से किस प्रकार के पत्र को व्यक्तिगत पत्र कहा जाता है?

(A) औपचारिक पत्र (B) अनौपचारिक पत्र

(C) व्यावसायिक पत्र (D) आवेदन पत्र

21. 'हिंदी साहित्य की भूमिका' पुस्तक के रचनाकार का नाम क्या है?

(A) मिश्र बंधु विनोद

(B) मैथिलीशरण गुप्त

(C) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(D) रामचंद्र शुक्ल

22. निम्नलिखित में से किस वाक्य में विराम चिन्ह सही हैं?

(A) वाह तुमने तो, कमाल कर दिया।

(B) वाह तुमने! तो कमाल कर दिए?

(C) वाह! तुमने तो कमाल कर दिया।

(D) वाह तुमने तो, कमाल कर दिए!

23. 'जस दूल्हा तस बनी बारात' कहावत का अर्थ निम्नलिखित में से क्या है?

(A) दो को दिया काम बिगड़ जाता है

(B) जैसा मुखिया वैसे ही उसके साथी होंगे

(C) खूब उन्नति करना

(D) खुद को बड़े व्यक्तियों में गिनना

24. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अभ्यागत' शब्द का संधि-विच्छेद और संधि का नाम सही दिया गया है?

(A) अभी + आगत = गुण

(B) अभि + यागत = दीर्घ

(C) अभि + आगत = यण

(D) अभ्य + आगत = व्यंजन

25. 'वह सुरीला गीत गाता है।' — वाक्य का कर्मवाच्य क्या होगा?

(A) उसके द्वारा गीत गाया जाता है।

(B) उसने सुरीला गीत गाया।

(C) उसके द्वारा सुरीला गीत गाया जाता है।

(D) उसके द्वारा सुरीला गीत गाया जाए।

26. 'उपन्यास सम्राट' के नाम से प्रसिद्ध भारतीय उपन्यासकार का नाम क्या है?

(A) महादेवी वर्मा (B) प्रेमचंद

(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र (D) श्यामसुंदर दास

27. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) गद्य व्याकरण सम्मत वाक्यबद्ध रचना है।

(B) गद्य व्याकरण सम्मत काव्यबद्ध रचना है।

(C) गद्य वाक्यबद्ध काव्य रचना है।

(D) इनमें से कोई नहीं

28. संक्षेपण की शुरुआत कब करनी चाहिए?

(A) कुछ भी समझ आने पर

(B) भावार्थ समझ आने पर

(C) मूल भाव समझ में न आने पर

(D) इनमें से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से 'योग्यता के अनुसार कार्य न मिलना' के लिए उचित कहावत चुनिए।

(A) यह मुँह और मसूर की दाल

(B) जहाँ न जाए रवि वहाँ जाए कवि

(C) पढ़े फ़ारसी बेचे तेल यह देखो कुदरत का खेल

(D) कोठी वाला रोवे छप्पर वाला सोवै

30. निम्नलिखित में से 'स्नेह से लिपटा लेना' के लिए उचित मुहावरा चुनिए।

(A) काँटा निकलना (B) चल बसना

(C) खरी-खरी सुनाना (D) अंक भरना

31. निम्नलिखित शब्दों में से हर्षबोधक शब्द चुनिए।

(A) हे राम! (B) बहुत अच्छा!

(C) काश! (D) शाबाश!

32. 'यह मेरा स्कूटर है।' यह वाक्य किस कारक का उदाहरण है?

(A) कर्म (B) अपादान

(C) संबंध (D) अधिकरण

33. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में किसी भी उपसर्ग का प्रयोग **नहीं** है?

(A) अनुदिन (B) अभिमान

(C) सुफल (D) विहान

34. 'वाणिज्य' शब्द में निम्नलिखित में से कौन सा मूल शब्द और प्रत्यय है?

(A) वणिज + य (B) वाणि + ज्य

(C) वणि + य (D) वणिज + ज्य

35. निम्नलिखित में से 'सरोज स्मृति' रचना के कवि का उपनाम क्या है?

(A) निराला (B) अज्ञेय

(C) बच्चन (D) हरिऔध

36. 'धीरज तुम कहाँ जाओगे' — इस वाक्य के लिए उचित विराम चिन्ह चुनिए।

(A) प्रश्नवाचक चिन्ह (B) लाघव चिन्ह

(C) कोष्ठक चिन्ह (D) हंसपद चिन्ह

37. 'नेताजी द्वारा भाषण दिया गया।' — यह वाक्य किस वाच्य का उदाहरण है?

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

38. संधि के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

(A) स्वरों और व्यंजन वर्णों का मेल

(B) स्वरों का परस्पर मेल

(C) व्यंजनों का परस्पर मेल

(D) शब्दों का मेल

39. सार लेखन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(A) सार लेखन किसी दिए गए अनुच्छेद का लिखा जाता है।

(B) सार लिखते समय शब्द सीमा का ध्यान रखा जाता है।

(C) सार में कुछ भी लिखे जाने की छूट होनी चाहिए।

(D) सार लिखते समय छोटे-छोटे वाक्य लिखना ठीक रहता है।

40. निम्नलिखित में से कौन सी एक अच्छे निबंध की विशेषता(एँ) है/हैं?

(A) क्रमबद्धता

(B) बोधगम्यता

(C) विषय सामग्री

(D) क्रमबद्धता और बोधगम्यता दोनों

**निर्देश (प्र. सं. 41 - 45) : निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

दोनों ओर प्रेम पलता है।
सखि, पतंग भी जलता है हा! दीपक भी जलता है

सीस हिलाकर दीपक कहता—
'बन्धु वृथा ही तू क्यों दहता?'
पर पतंग पड़ कर ही रहता

कितनी विह्वलता है!
दोनों ओर प्रेम पलता है।

बचकर हाय! पतंग मरे क्या?
प्रणय छोड़ कर प्राण धरे क्या?
जले नहीं तो मरा करे क्या?

क्या यह असफलता है!
दोनों ओर प्रेम पलता है।

कहता है पतंग मन मारे—
'तुम महान, मैं लघु, पर प्यारे,
क्या न मरण भी हाथ हमारे?

शरण किसे छलता है?'
दोनों ओर प्रेम पलता है।

41. कविता में किसकी महत्ता का वर्णन हुआ है?

(A) एक पक्षीय प्रेम (B) उभय पक्षीय प्रेम

(C) अंतर्वेदना (D) बलिदान

42. कौन किसके लिए उत्सर्ग करता है?

(A) पतंगा दीपक के लिए

(B) दीपक पतंगे के लिए

(C) पतंगा उजाले के लिए

(D) दीपक रोशनी के लिए

43. प्रेम में क्या-क्या समाहित होता है?

(A) विवशता (B) उत्सर्ग

(C) भाव-विह्वलता (D) उपरोक्त सभी

44. प्रेम में किसकी प्रशंसा होती है?

(A) भावातिरेक की (B) बलिदान की

(C) विवशता की (D) इनमें से कोई नहीं

45. उपरोक्त पंक्तियों में कौन से विलोम युग्म का उल्लेख हुआ है?

(A) सफलता-असफलता (B) महान-लघु

(C) पलता-दहता (D) जीवन-मरण

**निर्देश ( प्र.सं. 46 - 50) : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

विदेश जाकर चित्रा तन-मन से अपने काम में जुट गई। उसकी लगन ने उसकी कला को निखार दिया। विदेश में उसके चित्रों की धूम मच गई। भिखारिन और दो अनाथ बच्चों के उस चित्र की प्रशंसा में तो अख़बारों के कॉलम-के-कॉलम भर गए। शोहरत के ऊँचे कगार पर बैठे, चित्रा जैसे अपना पिछला सब कुछ भूल गई। पहले वर्ष तो अरुणा से पत्र व्यवहार बड़े नियमित रूप से चला, फिर कम होते-होते एकदम बंद हो गया। पिछले एक साल से तो उसे यह भी मालूम नहीं कि वह कहाँ है? नई कल्पनाएँ और नए-नए विचार उसे नवीन सृजन की प्रेरणा देते और वह उन्हीं में खोई रहती। उसके चित्रों की प्रदर्शनियाँ होती। अनेक प्रतियोगिताओं में उसका 'अनाथ' शीर्षकवाला चित्र प्रथम पुरस्कार पा चुका था। जाने क्या था उस चित्र में, जो देखता, वही चकित रह जाता। दुख दारिद्र्य और करुणा जैसे साकार हो उठे थे। तीन साल बाद जब वह भारत लौटी तो बड़ा स्वागत हुआ उसका। अख़बारों में उसकी कला पर, उसके जीवन पर अनेक लेख छपे। पिता अपनी इकलौती बिटिया की इस कामयाबी पर गदगद थे — समझ नहीं पा रहे थे कि उसे कहाँ उठाएँ, कहाँ बिठाएँ। दिल्ली में उसके चित्रों की प्रदर्शनी का विराट आयोजन किया गया। उद्घाटन के लिए उसे ही बुलाया गया था। उस प्रदर्शनी को देखने के लिए जनता उमड़ पड़ी थी, भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही थी और चित्रा को लग रहा था, जैसे उसके सपने साकार हो गए।

उस भीड़-भाड़ में अचानक उसकी भेंट अरुणा से हो गई। 'रूनी' कहकर चित्रा भीड़ की उपस्थिति को भूलकर अरुणा के गले से लिपट गई।

'तुझे कब से चित्र देखने का शौक़ हो गया, रूनी?'

'चित्रों को नहीं, चित्रा को देखने आई थी। तू तो एकदम भूल ही गई।

46. चित्रा के किस चित्र का बखान और सबसे अधिक प्रशंसा हुई?

(A) नई कल्पनाओं से बने चित्र की

(B) भिखारिन और दो अनाथ बच्चों वाले चित्र की

(C) अपने बचपन के चित्र की

(D) इनमें से कोई नहीं

47. विदेश जाकर चित्रा को क्या मिला था?

(A) नाम

(B) शोहरत

(C) पैसा

(D) नाम और शोहरत दोनों

48. चित्रा को चित्र बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिलती थी?

(A) नई कल्पनाओं से

(B) नए विचारों से

(C) अपने आस-पास के लोगों से

(D) नई कल्पनाओं और नए विचारों से

49. तीन साल बाद जब वह भारत लौटी तो क्या हुआ?

(A) उसका भव्य स्वागत हुआ

(B) अखबारों में उसके जीवन और कला पर अनेक लेख छपे

(C) पिता उसकी कामयाबी पर खुश हुए

(D) उपरोक्त सभी

50. 'नियमित' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है—

(A) निय + मित

(B) नियम + ईत्

(C) नियमि + त

(D) नियम + इत

**निर्देश ( प्र. सं. 51 - 55) : निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

संतौं भाई आई
आई ग्याँन की आँधी रे।
भ्रम की टाटी सबै उड़ानी, माया रहै न बाँधी॥
हिति चित्त की द्वै यूँनी गिराँनी, मोह बलिंडा तूटा।
त्रिस्नाँ छाँनि परि घर ऊपरि, कुबुद्धि का भाँडाँ फूटा॥
जोग जुगति करि संतौं बाँधी, निरचू चुवै न पाँणी।
कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी॥
आँधी पीछे जो जल बूठा, प्रेम हरि जन भींनाँ।
कहै कबीर भाँन के प्रगटे उदित भया तम खीना॥

51. ज्ञान की आँधी क्या-क्या उड़ाकर ले जाने वाली बताई गई है?
(A) अज्ञान
(B) भ्रम
(C) माया
(D) उपरोक्त सभी

52. 'मोह बलिंडा तूटा' — पंक्ति का क्या अर्थ है?
(A) मोह को धारण करने वाला आश्रय ही समाप्त हो गया।
(B) झोपड़ी का डंडा टूट गया।
(C) माया नष्ट हो गई।
(D) ज्ञान में वृद्धि हो गई।

53. इस साखी में किसकी महिमा बताई गई है?
(A) मोह-माया
(B) तृष्णा
(C) ज्ञान
(D) भ्रम

54. 'ग्याँन' शब्द व्याकरण की दृष्टि से किस श्रेणी में है?
(A) अशुद्ध शब्द
(B) तत्सम शब्द
(C) तद्भव शब्द
(D) इनमें से कोई नहीं

55. ''कहै कबीर भाँन के प्रगटे'' — पंक्ति में 'भाँन' शब्द का क्या अर्थ है?
(A) सूर्य
(B) चंद्रमा
(C) तारे
(D) उपरोक्त सभी

**निर्देश ( प्र.सं. 56 - 60) : निम्नलिखित दोहों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि।
जहाँ काम आवै सुई, कहा करै तरवारि॥

रहिमन निज सम्पति बिना, कोउ न विपति-सहाय।
बिनु पानी ज्यों जलज को, नहिं रवि सकै बचाय॥

रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून।
पानी गये न ऊबरे, मोती, मानुष, चून॥

56. पहले दोहे में रहीमदास ने किसका महत्व प्रतिपादित किया है?
(A) सुई का
(B) तलवार का
(C) छोटी सी वस्तु का
(D) बड़ी वस्तु का

57. प्रस्तुत दोहे के अनुसार 'जलज' के लिए क्या सबसे अधिक महत्वपूर्ण है?
(A) जल
(B) सूर्य
(C) जल और सूर्य
(D) इनमें से कोई नहीं

58. किसके बिना लोग विपत्ति में दूसरे की सहायता भी नहीं करते?
(A) बुद्धि के बिना
(B) संपत्ति के बिना
(C) स्नेह के बिना
(D) मानवता के बिना

59. 'रहिमन पानी राखिए' — दोहे में 'पानी' के विविध अर्थों में मनुष्य के लिए 'पानी' का क्या अर्थ है?

(A) विनम्रता-स्वाभिमान

(B) चमक

(C) जल

(D) उपरोक्त सभी

60. 'रहिमन पानी राखिए' — दोहे में कौन सा अलंकार है?

(A) रूपक (B) श्लेष

(C) यमक (D) अनुप्रास

**निर्देश ( प्र. सं. 61 - 65) : निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

वे मुस्काते फूल, नहीं
जिनको आता है मुरझाना,
वे तारों के दीप, नहीं
जिनको भाता है बुझ जाना!

वे सूने से नयन, नहीं
जिनमें बनते आँसू मोती,
वह प्राणों की सेज, नहीं
जिसमें बेसुध पीड़ा, सोती!

वे नीलम के मेघ, नहीं
जिनको है घुल जाने की चाह
वह अनंत ऋतुराज, नहीं
जिसने देखी जाने की राह!

61. कवयित्री महादेवी वर्मा ने उपरोक्त पंक्तियों में किस लोक की बात की है?

(A) पृथ्वीलोक (B) देवलोक

(C) यमलोक (D) पाताललोक

62. 'वह अनंत ऋतुराज' — इस पंक्ति में किस विशेषता का उल्लेख किया गया है?

(A) देवलोक की ऋतुओं का

(B) पृथ्वीलोक की छह ऋतुओं का

(C) देवलोक के अंतहीन वसंत का

(D) पृथ्वीलोक की सुंदर वसंत ऋतु का

63. 'वे नीलम से मेघ' — पंक्ति में कौन सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास (B) उपमा

(C) श्लेष (D) यमक

64. देवलोक में रहने वालों के नयन सूने से क्यों हैं?

(A) देवलोक में सब सुखी और प्रसन्न हैं।

(B) देवलोक में किसी को कोई कष्ट नहीं है।

(C) वहाँ रहने वालों को पीड़ा का लेशमात्र भी अनुभव नहीं होता।

(D) उपरोक्त सभी

65. कवयित्री ने मुरझाते फूल और छिपते तारों के माध्यम से जीवन की किस सच्चाई को व्यक्त किया है?

(A) नश्वरता

(B) स्थिरता

(C) पीड़ा

(D) गंभीरता

**निर्देश ( प्र.सं. 66 - 70) : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

कुछ लाख ही वर्षों की बात है, जब मनुष्य जंगली था; वनमानुष जैसा। उसे नाखून की ज़रूरत थी। उसकी जीवन-रक्षा के लिए नाखून बहुत ज़रूरी थे। असल में वही उसके अस्त्र थे। दाँत भी थे, पर नाखून के बाद ही उनका स्थान था। उन दिनों उसे जूझना पड़ता था, प्रतिद्वंदियों को पछाड़ना पड़ता था, नाखून उसके लिए आवश्यक अंग था। फिर धीरे-धीरे वह अपने अंग से बाहर की वस्तुओं का सहारा लेने लगा। पत्थर के ढेले और पेड़ की डालें काम में लाने लगा (रामचंद्र जी की वानरी सेना के पास ऐसे ही अस्त्र थे)। उसने हड्डियों के भी हथियार बनाए। इन हड्डियों के हथियारों में सबसे मज़बूत और सबसे ऐतिहासिक था — देवताओं के राजा का वज्र, जो दधीचि मुनि की हड्डियों से बना था। मनुष्य और आगे बढ़ा। उसने धातु के हथियार बनाए। जिनके पास लोहे के अस्त्र और शस्त्र थे, वे विजयी हुए। देवताओं के राजा तक को मनुष्यों के राजा से इसलिए सहायता लेनी पड़ती थी कि मनुष्यों के राजा के पास लोहे के अस्त्र थे। असुरों के पास अनेक विद्याएँ थीं, पर लोहे के अस्त्र नहीं थे, शायद घोड़े भी नहीं थे। आर्यों के पास ये दोनों चीजें थीं। आर्य विजयी हुए। फिर इतिहास अपनी गति से बढ़ता गया। नाग हारे, सुपर्ण हारे, यक्ष हारे, गंधर्व हारे, असुर हारे, राक्षस हारे। लोहे के अस्त्रों ने बाज़ी मार ली। इतिहास आगे बढ़ा। पलीते वाली बंदूकों ने, कारतूसों ने, तोपों ने, बमों ने, बमवर्षक वायुयानों ने इतिहास को किस कीचड़-भरे घाट तक घसीटा है, यह सबको मालूम है। नख-धर मनुष्य एटम-बम पर भरोसा करके आगे की ओर चल पड़ा है। पर उसके नाखून अब भी बढ़ रहे हैं। अब भी प्रकृति मनुष्य को उसके भीतर वाले अस्त्र से वंचित नहीं कर रही है, आज भी वह याद दिला देती है कि तुम्हारे नाखून को भुलाया नहीं जा सकता। तुम वही लाखों वर्ष पहले के नखदंतावलंबी जीव हो — पशु के साथ एक ही सतह पर विचरने वाले, चरने वाले।

**66.** कुछ लाख वर्षों पहले वनमानुष के लिए नाखून ज़रूरी थे —

(A) शरीर के एक अंग के रूप में

(B) जीवन सुरक्षा के लिए

(C) उनकी अच्छी तरह देखभाल के लिए

(D) सजावट के लिए

67. हड्डियों से बने हथियारों में सबसे ऐतिहासिक और मज़बूत क्या था ?

(A) वानरी सेना के हथियार

(B) दधीचि मुनि की हड्डियों से बना वज्र

(C) पेड़ की डालें

(D) नाखून

**68.** आर्यों के पास वह कौन सी दोनों चीजें थीं, जिनसे वे विजयी हुए ?

(A) घोड़े और लोहे के अस्त्र-शस्त्र

(B) हड्डियों के हथियार और नाखून

(C) घोड़े और कारतूस

(D) कारतूस और तोपें

**69.** लोहे के अस्त्रों ने किनसे बाज़ी मार ली ?

(A) नागों से

(B) यक्षों से

(C) गंधर्वों से

(D) उपरोक्त सभी से

**70.** 'नखदंतावलंबी' का संधि-विच्छेद है —

(A) नख + दंत + वलंबी

(B) नखदंत + आवलंबी

(C) नखदंत + अवलंबी

(D) नख + दंत + आवलंबी

**निर्देश ( प्र.सं. 71 - 75) : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

बीजों का एक थाल लिए कुमारी मधूलिका महाराज के साथ थी। बीज बोते हुए महाराज जब हाथ बढ़ाते, तब मधूलिका उनके सामने थाल कर देती। यह खेत मधूलिका का था, जो इस साल महाराज की खेती के लिए चुना गया था; इसलिए बीज देने का सम्मान मधूलिका को ही मिला। वह कुमारी थी, सुंदरी थी। कौशेय वसन उसके शरीर पर इधर-उधर लहराता हुआ स्वयं शोभित हो रहा था। वह कभी उसे संभालती और कभी अपनी रूखी अलकों को। कृषक बालिका के शुभ्र भाल पर श्रमकणों की भी कमी न थी, वे सब बरौनियों में गुँथे जा रहे थे। सम्मान और लज्जा उसके अधरों पर मंद मुस्कराहट के साथ सिहर उठते, किंतु महाराज को बीज देने में उसने शिथिलता नहीं की। सब लोग महाराज का हल चलाना देख रहे थे — विस्मय से, कुतूहल से। और अरुण देख रहा था कृषक कुमारी मधूलिका को। आह! कितना भोला सौंदर्य ! कितनी सरल चितवन !

उत्सव का प्रधान कृत्य समाप्त हो गया। महाराज ने मधूलिका के खेत का पुरस्कार दिया, थाल में कुछ स्वर्ण मुद्राएँ। वह राजकीय अनुग्रह था। मधुलिका ने थाली सिर से लगा ली, किंतु साथ ही उन स्वर्ण मुद्राओं को महाराज पर न्योछावर करके बिखेर दिया। मधूलिका की उस समय की ऊर्जस्वित मूर्ति को लोग आश्चर्य से देखने लगे!

71. मधूलिका महाराज के साथ थी क्योंकि—

(A) वह बहुत सुंदर थी।

(B) उसका ही खेत चुना गया था।

(C) गाँववालों ने उसे यह जिम्मेदारी सौंपी थी।

(D) उसने खुद यह काम करना चाहा था।

72. निम्नलिखित में से क्या स्वयं शोभित हो रहा था?

(A) मधूलिका का कौशेय वसन

(B) आसपास का वातावरण

(C) महाराज का अंगवस्त्र

(D) इनमें से कोई नहीं

73. "अहा ! कितना भोला सौंदर्य।" — इस वाक्य में किसके सौंदर्य का उल्लेख हुआ है?

(A) महाराज

(B) मधूलिका

(C) पुरोहित वर्ग

(D) गाँववालों

74. 'मधूलिका की ऊर्जस्वित मूर्ति' को लोग क्यों देखने लगे?

(A) उसने पुरस्कार में मिली स्वर्ण मुद्राओं को महाराज पर न्योछावर करके बिखेर दिया था।

(B) क्योंकि वह बहुत सुंदर दिख रही थी।

(C) उत्सव का प्रधान कृत्य समाप्त हो चुका था।

(D) मधूलिका ने थाली को सिर से लगा लिया था।

75. 'अरुण' के दो भिन्न अर्थ किस विकल्प में हैं?

(A) सूर्य, राजकुमार

(B) लाल रंग, सूर्य

(C) राजकुमार, लाल रंग

(D) रंग, सूर्य

**निर्देश ( प्र.सं. 76 - 80) : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से दीजिए।**

मुंशी दीनदयाल की जान-पहचान के आदमियों में एक महाशय दयानाथ थे, बड़े ही सज्जन और सहृदय कचहरी में नौकर थे और पचास रुपये वेतन पाते थे। दीनदयाल अदालत के कीड़े थे। दयानाथ को उनसे सैकड़ों ही बार काम पड़ चुका था। चाहते, तो हजारों वसूल करते, पर कभी एक पैसे के भी रवादार नहीं हुए थे। दीनदयाल के साथ ही उनका यह सलूक न था? - यह उनका स्वभाव था। यह बात भी न थी कि वह बहुत ऊँचे आदर्श के आदमी हों, पर रिश्वत को हराम समझते थे। शायद इसलिए कि वह अपनी आंखों से इस तरह के दृश्य देख चुके थे। किसी को जेल जाते देखा था, किसी को संतान से हाथ धोते, किसी को दुर्व्यसनों के पंजे में फँसते। ऐसी उन्हें कोई मिसाल न मिलती थी, जिसने रिश्वत लेकर चैन किया हो उनकी यह दृढ़ धारणा हो गई थी कि हराम की कमाई हराम ही में जाती है। यह बात वह कभी न भूलते इस जमाने में पचास रुपए की भुगुत ही क्या पांच आदमियों का पालन बड़ी मुश्किल से होता था। लड़के अच्छे कपड़ों को तरसते, स्त्री गहनों को तरसती, पर दयानाथ विचलित न होते थे। बड़ा लड़का दो ही महीने तक कालेज में रहने के बाद पढ़ना छोड़ बैठा। पिता ने साफ कह दिया—मैं तुम्हारी डिग्री के लिए सबको भूखा और नंगा नहीं रख सकता। पढ़ना चाहते हो, तो अपने पुरूषार्थ से पढ़ो। बहुतों ने किया है, तुम भी कर सकते हो। लेकिन रमानाथ में इतनी लगन न थी। इधर दो साल से वह बिलकुल बेकार था। शतरंज खेलता, सैर-सपाटे करता और माँ और छोटे भाइयों पर रोब जमाता। दोस्तों की बदौलत शौक पूरा होता रहता था। किसी का चेस्टर माँग लिया और शाम को हवा खाने निकल गए। किसी का पंप:शू पहन लिया, किसी की घड़ी कलाई पर बांध ली। कभी बनारसी फैशन में निकले, कभी लखनवी फैशन में, दस मित्रों ने एक-एक कपड़ा बनवा लिया, तो दस सूट बदलने का उपाय हो गया। सहकारिता का यह बिलकुल नया उपयोग था।

76. दयानाथ कैसे आदमी थे?

(A) सज्जन

(B) सहृदय

(C) कंजूस

(D) सज्जन और सहृदय

77. दिए गए गद्यांश के आधार पर 'रिश्वत के पैसों से किसी को चैन नहीं मिल सकता' - यह किसकी धारणा थी?

(A) दीनदयाल (B) मुंशी

(C) रमानाथ (D) दयानाथ

78. बड़े लड़के ने दो महीने के बाद ही कालेज क्यों छोड़ दिया था?

(A) वह पढ़ना नहीं चाहता था।

(B) पढ़ाई कठिन थी।

(C) उसके पास अच्छे कपड़े नहीं थे।

(D) पिता उसकी डिग्री के लिए सबको भूखा-नंगा नहीं रख सकते थे।

79. निम्नलिखित में से किसे सहकारिता का नया उपयोग कहा गया है?

(A) मित्रों से कपड़े-घड़ी इत्यादि माँग कर अपने शौक पूरे करने को

(B) घरवालों की सहायता करने को

(C) माँ और छोटे भाइयों पर रोब जमाने को

(D) उपरोक्त सभी

80. 'पंजे में फँसना' मुहावरे से मिलता-जुलता अर्थ किस विकल्प में है?

(A) फँदे से लटकना (B) फँदे में फँसना

(C) फँदे को पकड़ना (D) फँदे को खींचना

81. हिंदी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर 'छत्तीसगढ़ी बोली' निम्नलिखित में से क्या है?

(A) बिहारी हिंदी (B) पश्चिमी हिंदी

(C) पहाड़ी हिंदी (D) पूर्वी हिंदी

82. निम्नलिखित में से किस विकल्प में मन में उठने वाला कोई भाव या विचार और उसे अभिव्यक्त करने वाला विस्मयादिबोधक शब्द असंगत है?

(A) आशीर्वाद — जीते रहो!

(B) शोक — बाप रे बाप!

(C) संबोधन — अरे!

(D) विवशता — अवश्य

83. सांकेतिक भाषा में भाव किसके द्वारा व्यक्त किए जाते हैं?

(A) लिपि (B) भाषण

(C) अंग-संकेत (D) इनमें से कोई नहीं

84. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अविकारी शब्द **नहीं** है?

(A) प्रतिदिन (B) वाह

(C) बगीचा (D) ओर

85. दिए गए विकल्पों में से उचित शब्द चुनकर निम्नलिखित वाक्य को पूरा कीजिए।

उसके घर के ______ एक बगीचा है।

(A) प्रति (B) आगे

(C) माध्यम (D) तरह

86. निम्नलिखित में से कितनी भाषाएँ भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल हैं?

(A) बाईस (B) बारह

(C) बत्तीस (D) बीस

87. CUT OFF MARKS के लिए सटीक हिंदी शब्द कौन सा है?

(A) सामान्य अनुदेश (B) एकाधिकार

(C) न्यूनतम अंक (D) अधिसूचना

88. OFFICER के लिए सटीक हिंदी शब्द कौन सा है?

(A) विचाराधीन (B) आरोप पत्र

(C) अनुमोदन (D) अधिकारी

89. **निर्धारित समय-सीमा** के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द कौन सा है?

(A) Co-operative (B) Dead line

(C) Defamation (D) Crime

90. **निष्ठा** के लिए सटीक अंग्रेजी शब्द कौन सा है?

(A) Lower (B) Local purchase

(C) Lump sum (D) Loyalty

91. 'निबंध' को निम्नलिखित में से किसकी कसौटी माना गया है?

(A) गद्य (B) पद्य

(C) सूक्ति (D) वाक्य

92. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य संदिग्ध भूतकाल का उदाहरण है?

(A) गाड़ी छूट गई होगी।

(B) उसने गीत गाया।

(C) राकेश बहुत तेज दौड़ा।

(D) उपरोक्त सभी

93. निम्नलिखित में से कौन सा भेद संबंधबोधक अव्यय का भेद **नहीं** है?

(A) प्रयोग के आधार पर

(B) व्युत्पत्ति के आधार पर

(C) कारण के आधार पर

(D) काल के आधार पर

94. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'आ' उपसर्ग का प्रयोग **नहीं** है?

(A) आजीवन (B) आसार

(C) आम (D) आपूर्ति

95. कबीरदास को किस भक्ति के प्रमुख कवि के रूप में मान्यता दी जाती है?

(A) सगुण (B) निर्गुण

(C) नवधा (D) इनमें से कोई नहीं

96. 'पलक पाँवड़े बिछाना' मुहावरे का सही अर्थ निम्नलिखित में से कौन सा है?

(A) प्राणों की रक्षा के लिए प्रार्थना करना

(B) सम्मान से स्वागत करना

(C) रिश्ता तोड़ना

(D) पलकों को पाँव पर रखना

97. सार लेखन प्राय: कितने शब्दों में किया जाता है?

(A) एक तिहाई (B) दो तिहाई

(C) इच्छानुसार (D) इनमें से कोई नहीं

98. विशेषण-विशेष्य और उपमेय-उपमान का समास कौन सा है?

(A) तत्पुरुष (B) द्वंद्व

(C) कर्मधारय (D) द्विगु

99. निम्नलिखित में से किस वाक्य में क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?

(A) कोयल गाना गाती है।

(B) दीपू सुंदर लिखता है।

(C) उसका कुर्ता गंदा है।

(D) काला घोड़ा मेरा है।

100. 'गरीब को भोजन देना चाहिए।' — वाक्य में कौन सा कारक है?

(A) कर्म (B) करण

(C) संप्रदान (D) अधिकरण

- o O o -